CS (P) 2014

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

**T.B.C. : B-FVS-N-OCUB**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

# GENERAL STUDIES

## PAPER - II

*Time Allowed : Two Hours* — *Maximum Marks : 200*

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED,OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series Code A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **80** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**, except for Questions relating to English Language Comprehension which are in English only. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case, you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY THE CANDIDATE.**

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question which has a penalty for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question, if it has a penalty.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

***Directions for the following 5 (five) items :***

*Read the following* ***two*** *passages and answer the items that follow each passage. Your answers to these items should be based on the passages only.*

**Passage – 1**

In recent times, India has grown fast not only compared to its own past but also in comparison with other nations. But there cannot be any room for complacency because it is possible for the Indian economy to develop even faster and also to spread the benefits of this growth more widely than has been done thus far. Before going into details of the kinds of micro-structural changes that we need to conceptualize and then proceed to implement, it is worthwhile elaborating on the idea of inclusive growth that constitutes the defining concept behind this Government's various economic policies and decisions. A nation interested in inclusive growth views the same growth differently depending on whether the gains of the growth are heaped primarily on a small segment or shared widely by the population. The latter is cause for celebration but not the former. In other words, growth must not be treated as an end in itself but as an instrument for spreading prosperity to all. India's own past experience and the experience of other nations suggests that growth is necessary for eradicating poverty but it is not a sufficient condition. In other words, policies for promoting growth need to be complemented with policies to ensure that more and more people join in the growth process and, further, that there are mechanisms in place to redistribute some of the gains to those who are unable to partake in the market process and, hence, get left behind.

A simple way of giving this idea of inclusive growth a sharper form is to measure a nation's progress in terms of the progress of its poorest segment, for instance the bottom 20 per cent of the population. One could measure the per capita income of the bottom quintile of the population and also calculate the growth rate of income; and evaluate our economic success in terms of these measures that pertain to the poorest segment. This approach is attractive because it does not ignore growth like some of the older heterodox criteria did. It simply looks at the growth of income of the poorest sections of the population. It also ensures that those who are outside of the bottom quintile do not get ignored. If that were done, then those people would in all likelihood drop down into the bottom quintile and so would automatically become a direct target of our policies. Hence the criterion being suggested here is a statistical summing up of the idea of inclusive growth, which, in turn, leads to two corollaries : to wish that India must strive to achieve high growth and that we must work to ensure that the weakest segments benefit from the growth.

*निम्नलिखित 5 (पाँच) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित दो परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के आगे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

हाल के वर्षों में, भारत न केवल ख़ुद अपने अतीत की तुलना में, बल्कि अन्य देशों की तुलना में भी, तेज़ी से विकसित हुआ है । किन्तु इसमें किसी आत्मसंतोष की गुंजाइश नहीं हो सकती, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इससे भी अधिक तीव्र विकास करना और इस संवृद्धि के लाभों को, अब तक जितना किया गया है उससे कहीं अधिक व्यापक रूप से, अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाना सम्भव है । उन सूक्ष्म-संरचनात्मक परिवर्तनों के प्रकारों के ब्यौरों में जाने से पहले, जिनकी हमें संकल्पना करने और फिर उन्हें कार्यान्वित करने की ज़रूरत है, समावेशी संवृद्धि के विचार को विस्तार से देखना सार्थक होगा, जो कि इस सरकार की विभिन्न आर्थिक नीतियों और निर्णयों के पीछे एक निरूपक संकल्पना निर्मित करता है । समावेशी संवृद्धि में रुचि रखने वाला राष्ट्र इसी संवृद्धि को एक भिन्न रूप में देखता है जो इस पर आधारित है कि क्या संवृद्धि के लाभों का जनसंख्या के एक छोटे हिस्से पर ही अम्बार लगा दिया गया है या इनमें सभी लोगों की व्यापक रूप से साझेदारी है । अगर संवृद्धि के लाभों में व्यापक रूप से साझेदारी है तो यह खुशी की बात है, पर अगर संवृद्धि के लाभ एक हिस्से पर ही केंद्रित हैं, तो नहीं । दूसरे शब्दों में, संवृद्धि को अपने आप में एक साध्य की तरह नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे सभी तक संपन्नता पहुँचाने के एक साधन के रूप में देखा जाना चाहिए । भारत के स्वयं के अतीत के अनुभव तथा दूसरे राष्ट्रों के अनुभव भी, यह सुझाते हैं कि संवृद्धि ग़रीबी के उन्मूलन के लिए आवश्यक तो है परन्तु यह एक पर्याप्त शर्त नहीं है । दूसरे शब्दों में, संवृद्धि को बढ़ाने की नीतियों को ऐसी और नीतियों से सम्पूरित किया जाना आवश्यक है जो यह सुनिश्चित करें कि अधिकाधिक लोग संवृद्धि की प्रक्रिया में शामिल हों, और यह भी, कि ऐसी क्रियाविधियाँ उपलब्ध हों जिनसे कुछ लाभ ऐसे लोगों में पुनर्वितरित किए जाएँ जो बाज़ार-प्रक्रिया में भागीदार होने में अक्षम हैं और इस कारण पीछे छूट जाते हैं ।

समावेशी संवृद्धि के इस विचार को एक अधिक सुस्पष्ट रूप देने का एक सरल तरीका यह है कि किसी राष्ट्र की उन्नति को उसके सबसे ग़रीब हिस्से, उदाहरणार्थ, जनसंख्या के सबसे निचले 20%, की उन्नति के आधार पर मापा जाए । जनसंख्या के इस सबसे निचले पाँचवें हिस्से की प्रति व्यक्ति आय को मापा जा सकता है और आय की वृद्धि-दर की गणना भी की जा सकती है; और सबसे ग़रीब हिस्से से सम्बन्धित इन मापकों के आधार पर हमारी आर्थिक सफलता का आकलन किया जा सकता है । यह दृष्टि आकर्षक है, क्योंकि यह संवृद्धि की उस तरह उपेक्षा नहीं करती जैसी कि कुछ पहले के परम्पराविरुद्ध मानदण्डों में की जाती थी । यह बस जनसंख्या के सबसे ग़रीब हिस्से की आय की वृद्धि को ही देखती है । यह इसे भी सुनिश्चित करती है कि ऐसे लोगों की भी उपेक्षा न हो जो इस निचले पाँचवें हिस्से से बाहर हैं । अगर ऐसा हो, तो पूरी सम्भावना है कि वे लोग भी इस निचले पाँचवें हिस्से में आ जाएँ और इस प्रकार अपने-आप ही हमारी इन नीतियों का सीधा लक्ष्य बन जाएँ । इस प्रकार यहाँ सुझाए गए मानदण्ड समावेशी संवृद्धि के विचार का सांख्यिकीय समाकलन हैं जो परिणामत: दो उपसिद्धांतों की ओर ले जाते हैं : यह इच्छा करना कि आवश्यक रूप से भारत ऊँची संवृद्धि प्राप्त करने का प्रयास करे और हम इसे सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें कि संवृद्धि से सबसे ग़रीब हिस्से लाभान्वित हों ।

1. The author's central focus is on

(a) applauding India's economic growth not only against its own past performance, but against other nations.

(b) emphasizing the need for economic growth which is the sole determinant of a country's prosperity.

(c) emphasizing inclusive growth where gains of growth are shared widely by the population.

(d) emphasizing high growth.

2. The author supports policies which will help

(a) develop economic growth.

(b) better distribution of incomes irrespective of rate of growth.

(c) develop economic growth and redistribute economic gains to those getting left behind.

(d) put an emphasis on the development of the poorest segments of society.

3. Consider the following statements :

According to the author, India's economy has grown but there is no room for complacency as

1. growth eradicates poverty.

2. growth has resulted in prosperity for all.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**Passage – 2**

It is easy for the government to control State-owned companies through nods and winks. So what really needs to be done as a first step is to put petrol pricing on a transparent formula — if the price of crude is x and the exchange rate y, then every month or fortnight, the government announces a maximum price of petrol, which anybody can work out from the x and the y. The rule has to be worked out to make sure that the oil-marketing companies can, in general, cover their costs. This will mean that if one company can innovate and cut costs, it will make greater profits. Hence, firms will be more prone to innovate and be efficient

1. इस परिच्छेद में, लेखक की दृष्टि का केन्द्रबिन्दु क्या है ?

(a) भारत की, न केवल इसके ख़ुद के पूर्व के निष्पादन की तुलना में बल्कि अन्य राष्ट्रों की तुलना में भी, आर्थिक संवृद्धि की प्रशंसा करना ।

(b) आर्थिक संवृद्धि की आवश्यकता पर बल देना, जो देश की सम्पन्नता की एकमात्र निर्धारक है ।

(c) उस समावेशी संवृद्धि पर बल देना, जिसमें जनसंख्या व्यापक रूप से संवृद्धि के लाभों में सहभागी होती है ।

(d) उच्च संवृद्धि पर बल देना ।

2. इस परिच्छेद में, लेखक उन नीतियों का समर्थन करता है, जो

(a) आर्थिक संवृद्धि को बढ़ाने में सहायक होंगी ।

(b) आय के बेहतर वितरण में सहायक होंगी, चाहे वृद्धि दर कुछ भी हो ।

(c) आर्थिक संवृद्धि बढ़ाने और आर्थिक उपलब्धियों को उनमें पुनर्वितरित करने में सहायक होंगी, जो पीछे छूट रहे हैं ।

(d) समाज के सबसे ग़रीब हिस्सों के विकास पर बल देने में सहायक होंगी ।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

लेखक के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था विकसित हुई है किन्तु यहाँ आत्मसंतोष के लिए कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि

1. संवृद्धि से ग़रीबी का उन्मूलन होता है ।

2. संवृद्धि सभी की सम्पन्नता में परिणमित हुई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

## परिच्छेद – 2

सरकार के लिए राज्य के स्वामित्व वाली कम्पनियों को प्राय: सहमति और अनदेखी से नियंत्रित करना आसान है । इसलिए पहले कदम के रूप में वास्तव में यह करने की ज़रूरत है कि पेट्रोल के कीमत-निर्धारण को एक पारदर्शी सूत्र पर आधारित किया जाए — यदि कच्चे तेल की कीमत x और विनिमय दर y हो, तब हर महीने अथवा पखवाड़े पर, सरकार पेट्रोल की अधिकतम कीमत की घोषणा करे, तो उसे कोई भी व्यक्ति x और y के आधार पर परिकलित कर सकता है । यह सुनिश्चित करने हेतु नियम बनाया जाना चाहिए कि तेल का विपणन करने वाली कम्पनियाँ सामान्य रूप से, अपनी लागतें प्राप्त कर सकें । इसका तात्पर्य यह है कि यदि कोई कम्पनी नवप्रवर्तनों से अपनी लागतों को कम कर ले, तो

under this system. Once the rule is announced, there should be no interference by the government. If this is done for a while, private companies will re-enter this market. And once a sufficient number of them are in the fray, we can remove the rule-based pricing and leave it truly to the market (subject to, of course, the usual regulations of anti-trust and other competition laws).

**4.** Consider the following statements :

According to the passage, an oil company can make greater profits, if a transparent formula for petrol pricing is announced every fortnight or month, by

1. promoting its sales.
2. undertaking innovation.
3. cutting costs.
4. selling its equity shares at higher prices.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

**5.** Consider the following statements :

According to the passage, private oil companies re-enter the oil producing market if

1. a transparent rule-based petrol pricing exists.
2. there is no government interference in the oil producing market.
3. subsidies are given by the government.
4. regulations of anti-trust are removed.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 2 and 4

**6.** Five persons fire bullets at a target at an interval of 6, 7, 8, 9 and 12 seconds respectively. The number of times they would fire the bullets together at the target in an hour is

(a) 6

(b) 7

(c) 8

(d) 9

**7.** A group of 630 children is seated in rows for a group photo session. Each row contains three less children than the row in front of it. Which one of the following number of rows is ***not*** possible ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

वह और अधिक लाभ प्राप्त करेगी । इस प्रकार, इस प्रणाली के अंतर्गत व्यावसायिक प्रतिष्ठान नवप्रवर्तनों की ओर अधिक प्रवृत्त और दक्ष हो जाएँगे । एक बार नियम की घोषणा हो जाए, तो सरकार की तरफ से फिर कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए । यदि कुछ समय के लिए ऐसा कर दिया जाए, तो प्राइवेट कम्पनियाँ इस बाज़ार में पुन: प्रवेश करेंगी । और जब एक बार उनकी पर्याप्त संख्या बाज़ार में आ जाए, तो हम नियम-आधारित कीमत-निर्धारण को हटा सकते हैं और इसे वास्तविक रूप में बाज़ार पर छोड़ा जा सकता है (निश्चित रूप से सामान्य ऐंटि-ट्रस्ट (न्यास-विरोधी) विनियमों व अन्य प्रतिस्पर्धी कानूनों के अधीन रहते हुए) ।

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

परिच्छेद के अनुसार, कोई तेल कम्पनी और अधिक लाभ कमा सकती है, यदि पेट्रोल के कीमत-निर्धारण हेतु एक पारदर्शी सूत्र प्रति पखवाड़े या माह घोषित किया जाए,

1. इसके विक्रय को बढ़ाकर ।
2. नवप्रवर्तनों के द्वारा ।
3. लागतों में कमी करके ।
4. इसके ईक्विटी शेयरों को ऊँची कीमतों पर बेच कर ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

परिच्छेद के अनुसार, प्राइवेट तेल कम्पनियाँ तेल उत्पादन के बाज़ार में पुन: प्रवेश करती हैं, यदि

1. एक पारदर्शी नियम-आधारित पेट्रोल का कीमत-निर्धारण अस्तित्व में हो ।
2. तेल उत्पादन के बाज़ार में सरकार का कोई हस्तक्षेप न हो ।
3. सरकार द्वारा उपदान दिए जाते हों ।
4. ऐंटि-ट्रस्ट (न्यास-विरोधी) के विनियमों को हटा दिया गया हो ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) 2 और 4

6. पाँच व्यक्ति एक लक्ष्य पर क्रमश: 6, 7, 8, 9 और 12 सेकण्ड के अन्तराल पर गोलियाँ दागते हैं । एक घंटे में वे लक्ष्य पर एक साथ कितनी बार गोलियाँ दागेंगे ?

(a) 6
(b) 7
(c) 8
(d) 9

7. 630 बच्चों के एक समूह को सामूहिक फोटो लेने के लिए पंक्तियों में बिठाया गया । प्रत्येक पंक्ति में उसके आगे की पंक्ति की तुलना में तीन बच्चे कम थे । पंक्तियों की निम्नलिखित संख्याओं में से कौन-सी एक, संभव ***नहीं*** है ?

(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) 6

8. There are seven persons up on a ladder, A, B, C, D, E, F and G (not in that order). A is further up than E but is lower than C. B is in the middle. G is between A and B. E is between B and F. If F is between E and D, the person on the bottom step of the ladder will be

(a) B
(b) F
(c) D
(d) E

9. Consider that :

1. A is taller than B.
2. C is taller than A.
3. D is taller than C.
4. E is the tallest of all.

If they are made to sit in the above order of their height, who will occupy the mid position ?

(a) A
(b) B
(c) C
(d) D

10. Consider the following statements :

There are six villages A, B, C, D, E and F.

F is 1 km to the west of D.

B is 1 km to the east of E.

A is 2 km to the north of E.

C is 1 km to the east of A.

D is 1 km to the south of A.

Which three villages are in a line ?

(a) A, C, B
(b) A, D, E
(c) C, B, F
(d) E, B, D

11. Four children are sitting in a row. A is occupying the seat next to B but ***not*** next to C. If C is ***not*** sitting next to D, who is/are occupying seat/seats adjacent to D ?

(a) B
(b) A
(c) B and A
(d) Impossible to tell

12. Assume that

1. the hour and minute hands of a clock move without jerking.
2. the clock shows a time between 8 o'clock and 9 o'clock.
3. the two hands of the clock are one above the other.

After how many minutes (nearest integer) will the two hands be again lying one above the other ?

(a) 60
(b) 62
(c) 65
(d) 67

8. एक सीढ़ी पर सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G (इस क्रम में नहीं) हैं । A, E से ऊपर है लेकिन C से नीचे है । B मध्य में है । G, A और B के बीच में है । E, B और F के बीच में है । यदि F, E और D के बीच में है, तो सीढ़ी के सबसे निचले सोपान पर कौन-सा व्यक्ति होगा ?

(a) B
(b) F
(c) D
(d) E

9. विचार कीजिए कि :

1. A, B से लंबा है ।
2. C, A से लंबा है ।
3. D, C से लंबा है ।
4. E सबसे लंबा है ।

अब यदि इन्हें उपर्युक्त लंबाई के अनुसार क्रम से बिठाया जाए, तो बीच की जगह पर कौन बैठेगा ?

(a) A
(b) B
(c) C
(d) D

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A, B, C, D, E एवं F छह गाँव हैं ।
F गाँव D गाँव के 1 कि.मी. पश्चिम में है ।
B गाँव E गाँव के 1 कि.मी. पूर्व में है ।
A गाँव E गाँव के 2 कि.मी. उत्तर में है ।
C गाँव A गाँव के 1 कि.मी. पूर्व में है ।
D गाँव A गाँव के 1 कि.मी. दक्षिण में है ।
कौन-से तीन गाँव एक रेखा (लाइन) में हैं ?

(a) A, C, B
(b) A, D, E
(c) C, B, F
(d) E, B, D

11. चार बच्चे एक पंक्ति में बैठे हैं । A, B की बगल वाली सीट पर बैठा है लेकिन C के बगल में ***नहीं*** । यदि C, D की बगल में ***नहीं*** बैठा है, तो D के अगल-बगल की सीट/सीटों पर कौन है/हैं ?

(a) B
(b) A
(c) B और A
(d) बताना असंभव है

12. कल्पना कीजिए कि

1. एक घड़ी की घंटे व मिनट की सुइयाँ बिना झटके के चलती हैं ।
2. घड़ी 8 बजे और 9 बजे के बीच का समय दिखाती है ।
3. घड़ी की दोनों सुइयाँ एक-दूसरे के ऊपर हैं ।

कितने मिनट (निकटतम पूर्णांक) बाद दोनों सुइयाँ फिर एक बार एक-दूसरे के ऊपर होंगी ?

(a) 60
(b) 62
(c) 65
(d) 67

***Directions for the following 6 (six) items :***

*Read the following* ***two*** *passages and answer the items that follow each passage. Your answers to these items should be based on the passages only.*

**Passage – 1**

Climate change poses potentially devastating effects on India's agriculture. While the overall parameters of climate change are increasingly accepted — a 1°C average temperature increase over the next 30 years, sea level rise of less than 10 cm in the same period, and regional monsoon variations and corresponding droughts — the impacts in India are likely to be quite site and crop specific. Some crops may respond favourably to the changing conditions, others may not. This emphasizes the need to promote agricultural research and create maximum flexibility in the system to permit adaptations.

The key ingredient for "drought proofing" is the managed recharge of aquifers. To ensure continued yields of important staple crops (e.g. wheat), it may also be necessary to shift the locations where these crops are grown, in response to temperature changes as well as to water availability. The latter will be a key factor in making long term investment decisions.

For example, water runoff from the Himalayas is predicted to increase over the next 30 years as glaciers melt, but then decline substantially thereafter. It will be critical to provide incentives to plan for these large-scale shifts in agro-ecological conditions.

India needs to make long term investment in research and development in agriculture. India is likely to experience changed weather patterns in future.

**13.** Consider the following statements :

Climate change may force the shifting of locations of the existing crops due to

1. melting of glaciers.
2. water availability and temperature suitability at other locations.
3. poor productivity of crops.
4. wider adaptability of crop plants.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**14.** According to the passage, why is it important to promote agricultural research in India ?

(a) To predict variations in monsoon patterns and to manage water resources

(b) To make long term investment decisions for economic growth

(c) To facilitate wider adaptability of crops

(d) To predict drought conditions and to recharge aquifers

*निम्नलिखित 6 (छह) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के आगे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

जलवायु परिवर्तन, भारत की कृषि पर संभावित रूप से विध्वंसकारी प्रभाव रखता है । जबकि, जलवायु परिवर्तन के समग्र प्राचल वर्धमानतः स्वीकृत हैं — अगले 30 वर्ष में 1°C की औसत ताप वृद्धि, इसी अवधि में 10 cm से कम की समुद्र तल वृद्धि, और क्षेत्रीय मानसून विचरण तथा संगत अनावृष्टि — भारत में प्रभाव काफी स्थल एवं फ़सल विशिष्ट होने संभावित हैं । कुछ फ़सलें परिवर्तनशील दशाओं के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया दे सकती हैं, दूसरी नहीं भी दे सकती हैं । इससे कृषि अनुसंधान को प्रोत्साहन देने और प्रणाली में अनुकूलन हो सके इस हेतु, अधिकतम नम्यता बनाने की आवश्यकता पर बल पड़ता है ।

"अनावृष्टि रोधन" का मुख्य संघटक अंतःजलस्तर का प्रबंधित पुनर्भरण है । महत्त्वपूर्ण आधारिक फ़सलों (जैसे, गेहूँ ) की लगातार उपज सुनिश्चित करने के लिए, ताप परिवर्तनों तथा जल उपलब्धता को देखते हुए इन फ़सलों की उगाई वाले स्थानों को बदलना भी आवश्यक हो सकता है । दीर्घावधि निवेश के निर्णय करने में जल उपलब्धता एक मुख्य कारक होगा ।

उदाहरण के लिए, अगले 30 वर्षों में जैसे-जैसे हिमनद पिघलते जाते हैं, हिमालय क्षेत्र से जल के बहाव के बढ़ते जाने, और तदनंतर अत्यधिक घटते जाने का पूर्वानुमान किया गया है । कृषि-पारिस्थितिक दशाओं में बड़े पैमाने पर आने वाले इन बदलावों के लिए योजना बनाने हेतु प्रोत्साहन प्रदान करना निर्णायक होगा ।

भारत के लिए कृषि अनुसंधान और विकास में दीर्घावधि निवेश करना आवश्यक है । यह संभावित है कि भारत को भविष्य में एक बदले हुए मौसम प्रतिरूप का सामना करना होगा ।

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
जलवायु परिवर्तन वर्तमान फ़सलों के स्थानों में बदलाव लाने के लिए किस कारण से मजबूर करेंगे ?

1. हिमनदों का पिघलना
2. दूसरे स्थानों पर जल उपलब्धता और ताप उपयुक्तता
3. फ़सलों की हीन उत्पादकता
4. सस्य पादपों की अपेक्षाकृत व्यापक अनुकूलता

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**14.** इस परिच्छेद के अनुसार, भारत में कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण क्यों है ?

(a) मानसून प्रतिरूपों में विचरण का पूर्वानुमान करना और जल संसाधनों का प्रबंधन करना
(b) आर्थिक संवृद्धि के लिए दीर्घावधि निवेश के निर्णय करना
(c) फ़सलों की व्यापक अनुकूलता को सुकर बनाना
(d) अनावृष्टि दशाओं का पूर्वानुमान करना और अंतःजलस्तरों का पुनर्भरण करना

**Passage – 2**

It is essential that we mitigate the emissions of greenhouse gases and thus avoid some of the worst impacts of climate change that would take place in coming years and decades. Mitigation would require a major shift in the way we produce and consume energy. A shift away from overwhelming dependence on fossil fuels is now long overdue, but unfortunately, technological development has been slow and inadequate largely because government policies have not promoted investments in research and development, myopically as a result of relatively low prices of oil. It is now, therefore, imperative for a country like India treating the opportunity of harnessing renewable energy on a large scale as a national imperative. This country is extremely well endowed with solar, wind and biomass sources of energy. Where we have lagged, unfortunately, is in our ability to develop and to create technological solutions for harnessing these resources.

One particular trajectory for carrying out stringent mitigation of greenhouse gas emissions assessed by the Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) clearly shows the need for ensuring that global emissions of greenhouse gases peak no later than 2015 and reduce rapidly thereafter. The cost associated with such a trajectory is truly modest and would amount, in the estimation of IPCC, to not more than 3 percent of the global GDP in 2030. In other words, the level of prosperity that the world would have reached without mitigation would at worst be postponed by a few months or a year at the most. This is clearly not a very high price to pay for protecting hundreds of millions of people from the worst risks associated with climate change. Any such effort, however, would require lifestyles to change appropriately also. Mitigation of greenhouse gas emissions is not a mere technological fix, and clearly requires changes in lifestyles and transformation of a country's economic structure, whereby effective reduction in emissions is brought about, such as through the consumption of much lower quantities of animal protein. The Food and Agriculture Organization (FAO) has determined that the emissions from the livestock sector amount to 18 percent of the total. The reduction of emissions from this source is entirely in the hands of human beings, who have never questioned the impacts that their dietary habits of consuming more and more animal protein are bringing about. Mitigation overall has huge co-benefits, such as lower air pollution and health benefits, higher energy security and greater employment.

## परिच्छेद – 2

यह परमावश्यक है कि हम ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाएँ और इस तरह आगामी वर्षों और दशकों में होने वाले जलवायु परिवर्तन के कुछ बदतरीन प्रभावों से बचें । उत्सर्जन कम करने के लिए ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग के हमारे तरीकों में एक बड़ा बदलाव अपेक्षित होगा । जीवाश्म ईंधनों पर अत्यधिक निर्भरता से हटना अतिविलम्बित है, किन्तु दुर्भाग्य से, प्रौद्योगिकीय विकास धीमा और अपर्याप्त रहा है, मोटे तौर पर इसलिए, कि तेल की अपेक्षाकृत निम्न कीमतों से जन्मी अदूरदर्शिता के कारण सरकारी नीतियाँ अनुसंधान और विकास में निवेश को प्रोत्साहन नहीं देती रही हैं । इसलिए अब राष्ट्रीय अनिवार्यता के रूप में वृहत् पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा को काम में लाने के अवसर का लाभ उठाना भारत जैसे देश के लिए अत्यावश्यक है । यह देश ऊर्जा के सौर, वायु और जैवमात्रा स्रोतों से अत्यधिक सम्पन्न है । दुर्भाग्य से, जहाँ हम पीछे हैं, वह है इन स्रोतों को काम में लाने के लिए प्रौद्योगिकीय समाधान विकसित और सर्जित करने की हमारी क्षमता ।

जलवायु परिवर्तन पर अंत:सरकारी पैनल (IPCC) द्वारा निर्धारित रूप में ग्रीनहाउस गैसों को सख़्ती से कम करने के लिए एक विशिष्ट प्रक्षेप-पथ स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दिखाता है कि ग्रीनहाउस गैसों के भूमंडलीय उत्सर्जनों का चरम बिन्दु 2015 को पार न करे और उसके आगे तेज़ी से घटने लगे । ऐसे प्रक्षेप-पथ के साथ संबद्ध लागत वस्तुत: मर्यादित है और इसकी राशि, IPCC के आकलन में, 2030 में विश्व GDP के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । दूसरे शब्दों में, सम्पन्नता के जिस स्तर पर विश्व बिना उत्सर्जन में कमी लाए पहुँच सकता, ख़राब-से-ख़राब हालत में कुछ मास या अधिक-से-अधिक एक वर्ष तक टल जाएगी । स्पष्टत: यह, जलवायु परिवर्तन से जुड़े बदतरीन ख़तरों से करोड़ों लोगों को बचाने के लिए चुकाई जाने वाली कोई बहुत बड़ी कीमत नहीं है । तथापि, ऐसे किसी प्रयास के लिए जीवन-शैलियों को भी उपयुक्त रूप से बदलना होगा । ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाना सिर्फ़ एक प्रौद्योगिकीय उपाय भर नहीं है, और इसके लिए स्पष्टत: जीवन-शैलियों में बदलाव और देश की आर्थिक संरचना में रूपांतरण अपेक्षित है, जिसके द्वारा, उत्सर्जन को प्रभावी रूप से कम किया जाए, जैसे कि जीव प्रोटीन के काफी कम मात्राओं में उपभोग के माध्यम से । खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने यह निर्धारित किया है कि पशुधन क्षेत्रक से उत्सर्जन कुल उत्सर्जन का 18 प्रतिशत होता है । इस स्रोत से हो रहे उत्सर्जन में कमी लाना पूरी तरह मनुष्यों के हाथ में है, जिन्होंने अपनी अधिक-से-अधिक जीव प्रोटीन के उपभोग की आहार-आदतों के कारण पड़ने वाले प्रभाव पर कभी कोई प्रश्न नहीं उठाया । वस्तुत: उत्सर्जन में कमी लाने के विशाल सह-सुलाभ हैं, जैसे अपेक्षाकृत कम वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी लाभ, उच्चतर ऊर्जा सुनिश्चितता तथा और अधिक रोज़गार ।

**15.** According to the passage, which of the following would help in the mitigation of greenhouse gases ?

1. Reducing the consumption of meat
2. Rapid economic liberalization
3. Reducing the consumerism
4. Modern management practices of livestock

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 3 only

(d) 2 and 4 only

**16.** Why do we continue to depend on the fossil fuels heavily ?

1. Inadequate technological development
2. Inadequate funds for research and development
3. Inadequate availability of alternative sources of energy

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**17.** According to the passage, how does the mitigation of greenhouse gases help us ?

1. Reduces expenditure on public health
2. Reduces dependence on livestock
3. Reduces energy requirements
4. Reduces rate of global climate change

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1, 3 and 4

(c) 2, 3 and 4

(d) 1 and 4 only

**18.** What is the ***essential*** message of the passage ?

(a) We continue to depend on fossil fuels heavily

(b) Mitigation of the greenhouse gases is imperative

(c) We must invest in research and development

(d) People must change their lifestyle

**19.** There are 50 students admitted to a nursery class. Some students can speak only English and some can speak only Hindi. 10 students can speak both English and Hindi. If the number of students who can speak English is 21, then how many students can speak Hindi, how many can speak only Hindi and how many can speak only English ?

(a) 21, 11 and 29 respectively

(b) 28, 18 and 22 respectively

(c) 37, 27 and 13 respectively

(d) 39, 29 and 11 respectively

15. परिच्छेद के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने में सहायक होंगे ?

1. माँस के उपभोग में कमी लाना
2. तीव्र आर्थिक उदारीकरण
3. उपभोक्तावाद में कमी लाना
4. पशुधन की आधुनिक प्रबंधन प्रक्रियाएँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 2 और 4

16. हम जीवाश्म ईंधनों पर अत्यधिक निर्भर क्यों बने हुए हैं ?

1. अपर्याप्त प्रौद्योगिकीय विकास
2. अनुसंधान और विकास के लिए अपर्याप्त निधियाँ
3. ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की अपर्याप्त उपलब्धता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

17. परिच्छेद के अनुसार, ग्रीनहाउस गैसों में कमी लाना हमारे लिए किस तरह सहायक है ?

1. इससे लोक स्वास्थ्य पर व्यय घटता है
2. इससे पशुधन पर निर्भरता घटती है
3. इससे ऊर्जा आवश्यकताएँ घटती हैं
4. इससे भूमंडलीय जलवायु परिवर्तन की दर घटती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 3 और 4

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 1 और 4

18. इस परिच्छेद का ***सारभूत*** संदेश क्या है ?

(a) हम जीवाश्म ईंधनों पर अत्यधिक निर्भर बने हुए हैं

(b) ग्रीनहाउस गैसों में कमी लाना अत्यावश्यक है

(c) हमें अनुसंधान और विकास में निवेश करना ही चाहिए

(d) लोगों को अपनी जीवन-शैली बदलनी ही चाहिए

19. एक नर्सरी कक्षा में 50 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया । कुछ विद्यार्थी केवल अंग्रेज़ी बोल सकते हैं और कुछ केवल हिन्दी बोल सकते हैं । 10 विद्यार्थी अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों बोल सकते हैं । यदि उन विद्यार्थियों की संख्या, जो अंग्रेज़ी बोल सकते हैं, 21 है, तो कितने विद्यार्थी हिन्दी बोल सकते हैं, कितने केवल हिन्दी बोल सकते हैं और कितने केवल अंग्रेज़ी बोल सकते हैं ?

(a) क्रमशः 21, 11 और 29

(b) क्रमशः 28, 18 और 22

(c) क्रमशः 37, 27 और 13

(d) क्रमशः 39, 29 और 11

20. A gardener increased the area of his rectangular garden by increasing its length by 40% and decreasing its width by 20%. The area of the new garden

(a) has increased by 20%.

(b) has increased by 12%.

(c) has increased by 8%.

(d) is exactly the same as the old area.

21. Six books are labelled A, B, C, D, E and F and are placed side by side. Books B, C, E and F have green covers while others have yellow covers. Books A, B and D are new while the rest are old volumes. Books A, B and C are law reports while the rest are medical extracts. Which two books are old medical extracts and have green covers ?

(a) B and C

(b) E and F

(c) C and E

(d) C and F

22. A straight line segment is 36 cm long. Points are to be marked on the line from both the end points. From each end, the first point is at a distance of 1 cm from the end, the second point is at a distance of 2 cm from the first point and the third point is at a distance of 3 cm from the second point and so on. If the points on the ends are not counted and the common points are counted as one, what is the number of points ?

(a) 10

(b) 12

(c) 14

(d) 16

23. If Sohan, while selling two goats at the same price, makes a profit of 10% on one goat and suffers a loss of 10% on the other

(a) he makes no profit and no loss.

(b) he makes a profit of 1%.

(c) he suffers a loss of 1%.

(d) he suffers a loss of 2%.

24. Out of a total of 120 musicians in a club, 5% can play all the three instruments, guitar, violin and flute. It so happens that the number of musicians who can play any two and only two of the above instruments is 30. The number of musicians who can play the guitar alone is 40. What is the total number of those who can play violin alone or flute alone ?

(a) 45

(b) 44

(c) 38

(d) 30

25. Six identical cards are placed on a table. Each card has number '1' marked on one side and number '2' marked on its other side. All the six cards are placed in such a manner that the number '1' is on the upper side. In one try, exactly four (neither more nor less) cards are turned upside down. In how many least number of tries can the cards be turned upside down such that all the six cards show number '2' on the upper side ?

(a) 3

(b) 5

(c) 7

(d) This cannot be achieved

20. एक माली अपने आयताकार बगीचे की लंबाई में 40% वृद्धि तथा चौड़ाई में 20% कमी करते हुए बगीचे के क्षेत्रफल में वृद्धि करता है । नए बगीचे का क्षेत्रफल

(a) 20% बढ़ जाता है ।

(b) 12% बढ़ जाता है ।

(c) 8% बढ़ जाता है ।

(d) बिलकुल पुराने क्षेत्रफल जितना रहता है ।

21. छह पुस्तकों को A, B, C, D, E और F से अंकित कर एक के बगल में एक रख दिया जाता है । B, C, E और F पुस्तकों के हरे आवरण हैं जबकि अन्य पुस्तकों के आवरण पीले हैं । A, B और D पुस्तकें नई हैं जबकि शेष पुरानी पुस्तकें हैं । A, B और C पुस्तकें विधि रिपोर्टें हैं जबकि शेष पुस्तकें आयुर्विज्ञान के उद्धरण हैं । कौन-सी दो, पुरानी आयुर्विज्ञान के उद्धरणों की हरे आवरणों वाली पुस्तकें हैं ?

(a) B और C

(b) E और F

(c) C और E

(d) C और F

22. एक सरल रेखाखण्ड 36 cm लंबा है । इस रेखा पर, रेखा के दोनों अंत्य बिन्दुओं से बिन्दु अंकित करने हैं । प्रत्येक अंत्य बिन्दु से, पहला बिन्दु अंत्य बिन्दु से 1 cm की दूरी पर, दूसरा बिन्दु पहले बिन्दु से 2 cm की दूरी पर और तीसरा बिन्दु दूसरे बिन्दु से 3 cm की दूरी पर है और यही क्रम आगे जारी है । यदि अंत्य बिन्दुओं को न गिना जाए और उभयनिष्ठ बिन्दुओं को 1 गिना जाए, तो बिन्दुओं की संख्या क्या है ?

(a) 10

(b) 12

(c) 14

(d) 16

23. यदि सोहन दो बकरियों को एक ही दाम पर बेचकर, एक बकरी पर 10% लाभ कमाता है और दूसरी पर 10% हानि भुगतता है, तो

(a) उसे न तो लाभ होगा और न ही हानि होगी ।

(b) उसे 1% का लाभ होगा ।

(c) उसे 1% की हानि होगी ।

(d) उसे 2% की हानि होगी ।

24. एक क्लब के कुल 120 संगीतज्ञों में से 5% गिटार, वायलिन और बाँसुरी, तीनों वाद्य बजा सकते हैं । उपर्युक्त वाद्यों में से कोई दो और केवल दो वाद्य बजा सकने वाले संगीतज्ञों की संख्या 30 है । जो संगीतज्ञ केवल गिटार बजा सकते हैं, वे 40 हैं । ऐसे संगीतज्ञों की कुल संख्या बताइए जो केवल वायलिन बजा सकते हैं या केवल बाँसुरी बजा सकते हैं ।

(a) 45

(b) 44

(c) 38

(d) 30

25. एक मेज़ पर 6 एकसमान कार्ड रखे हुए हैं । प्रत्येक कार्ड के एक फलक पर संख्या '1' व इसके दूसरे फलक पर संख्या '2' अंकित है । सभी छह कार्ड ऐसे रखे हुए हैं कि संख्या '1' वाला फलक ऊपर की तरफ है । एक प्रयास में, तथ्यतः चार (न कम और न ही उससे अधिक) कार्डों को पलटा जाता है । कार्डों को न्यूनतम कितने प्रयासों में ऐसे पलटा जा सकता है कि सभी छह कार्डों के ऊपर संख्या '2' दिखे ?

(a) 3

(b) 5

(c) 7

(d) ऐसा करना सम्भव नहीं है

***Directions for the following 8 (eight) items :***

*Read the following* ***two*** *passages and answer the items that follow each passage. Your answers to these items should be based on the passages only.*

**Passage – 1**

The Himalayan ecosystem is highly vulnerable to damage, both due to geological reasons and on account of the stress caused by increased pressure of population, exploitation of natural resources and other related challenges. These aspects may be exacerbated due to the impact of climate change. It is possible that climate change may adversely impact the Himalayan ecosystem through increased temperature, altered precipitation patterns, episodes of drought and biotic influences. This would not only impact the very sustenance of the indigenous communities in uplands but also the life of downstream dwellers across the country and beyond. Therefore, there is an urgent need for giving special attention to sustain the Himalayan ecosystem. This would require conscious efforts for conserving all the representative systems.

Further, it needs to be emphasized that the endemics with restricted distribution, and most often with specialized habitat requirements, are among the most vulnerable elements. In this respect the Himalayan biodiversity hotspot, with rich endemic diversity, is vulnerable to climate change. The threats include possible loss of genetic resources and species, habitats and concomitantly a decrease in ecosystem services. Therefore, conservation of endemic elements in representative ecosystems/habitats assumes a great significance while drawing conservation plans for the region.

Towards achieving the above, we will have to shift toward contemporary conservation approaches, which include a paradigm of landscape level interconnectivity between protected area systems. The concept advocates a shift from the species-habitat focus to an inclusive focus on expanding the biogeographic range so that natural adjustments to climate change can proceed without being restrictive.

**26.** Consider the following statements :

According to the passage, the adverse impact of climate change on an ecosystem can be a

1. permanent disappearance of some of its flora and fauna.
2. permanent disappearance of ecosystem itself.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**27.** Which one of the following statements best implies the need to shift toward contemporary conservation approach ?

(a) Exploitation of natural resources causes a stress on the Himalayan ecosystem.

(b) Climate change alters precipitation patterns, causes episodes of drought and biotic interference.

(c) The rich biodiversity, including endemic diversity, makes the Himalayan region a biodiversity hotspot.

(d) The Himalayan biogeographic region should be enabled to adapt to climate change smoothly.

*निम्नलिखित 8 (आठ) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित दो परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के आगे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

हिमालय का पारितंत्र भूवैज्ञानिक कारणों और जनसंख्या के बढ़े हुए बोझ, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और अन्य सम्बन्धित चुनौतियों से जन्य दबाव के कारण, क्षति के प्रति अत्यंत सुभेद्य है । सुभेद्यता के ये पहलू जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण उत्तेजित हो सकते हैं । यह सम्भव है कि जलवायु परिवर्तन हिमालय के पारितंत्र पर, बढ़े हुए तापमान, परिवर्तित वर्षण प्रतिरूप, अनावृष्टि की घटनाओं और जीवीय प्रभावों के माध्यम से, प्रतिकूल प्रभाव डाले । यह न केवल उच्चभूमियों में रहने वाले देशज समुदायों के पूरे निर्वाह पर, बल्कि सारे देश में और उसके परे अनुप्रवाह क्षेत्र में रहने वाले निवासियों के जीवन पर भी असर डालेगा । इसलिए, हिमालय के पारितंत्र की धारणीयता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान देने की तत्काल आवश्यकता है । इसके लिए सभी निरूपक प्रणालियों के संरक्षण के लिए सचेत प्रयत्न करने की आवश्यकता होगी ।

आगे, इस पर बल देने की आवश्यकता है कि सीमित व्याप्ति वाले, और बहुधा विशेषीकृत आवासीय आवश्यकताओं वाले विशेषक्षेत्री घटक सर्वाधिक सुभेद्य घटकों में से हैं । इस संदर्भ में, हिमालय का जैवविविधता वाला तप्तस्थल, जो विशेषक्षेत्री विविधता से संपन्न है, जलवायु परिवर्तन के प्रति सुभेद्य है । इसके ख़तरों में, आनुवंशिक संसाधनों और जातियों, आवासों का सम्भावित क्षय और सहगामी रूप से, पारितंत्र के लाभों में कमी का आना शामिल है । इसलिए, इस क्षेत्र के लिए संरक्षण योजनाएँ बनाते समय, निरूपक पारितंत्रों/आवासों में विशेषक्षेत्री घटकों के संरक्षण का अत्यंत महत्त्व हो जाता है ।

उपर्युक्त को हासिल करने की दिशा में, हमें समकालीन संरक्षण उपागमों की ओर ध्यान अंतरित करना होगा, जिसमें संरक्षित क्षेत्र-प्रणालियों के बीच दृश्यभूमि स्तर की अंतर्संयोजकता का प्रतिमान शामिल है । यह संकल्पना, जाति-आवास पर ध्यान केंद्रित करने की जगह जैवभौगोलिक परास को विस्तारित करने पर समावेशी ध्यान-संकेंद्रण करने का पक्षसमर्थन करती है, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक समंजन सीमित हुए बिना आगे बढ़ सकें ।

**26.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

परिच्छेद के अनुसार, पारितंत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावस्वरूप

1. इसके वनस्पतिजात और प्राणिजात में से कुछ का स्थायी विलोपन हो सकता है ।
2. स्वयं पारितंत्र का स्थायी विलोपन हो सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**27.** निम्नलिखित में से किस एक कथन का सबसे सटीक निहितार्थ यह है कि समकालीन संरक्षण उपागम की ओर ध्यान अंतरित करने की आवश्यकता है ?

(a) प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हिमालय के पारितंत्र पर दबाव डालता है ।

(b) जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षण प्रतिरूपों में बदलाव, अनावृष्टि की घटनाएँ और जीवीय हस्तक्षेप होता है ।

(c) समृद्ध जैवविविधता, जिसमें विशेषक्षेत्री विविधता शामिल है, हिमालय क्षेत्र को एक जैवविविधता तप्तस्थल बनाता है ।

(d) हिमालय के जैवभौगोलिक क्षेत्र को इस तरह समर्थ बनाना चाहिए कि वह अबाध रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल बनता रहे ।

**28.** What is the most important message conveyed by the passage ?

(a) Endemism is a characteristic feature of Himalayan region.

(b) Conservation efforts should emphasize on biogeographic ranges rather than on some species or habitats.

(c) Climate change has adverse impact on the Himalayan ecosystem.

(d) Without Himalayan ecosystem, the life of the communities of uplands and downstreams will have no sustenance.

**29.** With reference to the passage, the following assumptions have been made :

1. To maintain natural ecosystems, exploitation of natural resources should be completely avoided.

2. Not only anthropogenic but also natural reasons can adversely affect ecosystems.

3. Loss of endemic diversity leads to the extinction of ecosystems.

Which of the above assumptions is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2 only

(c) 2 and 3

(d) 3 only

**Passage – 2**

It is often forgotten that globalization is not only about policies on international economic relationships and transactions, but has equally to do with domestic policies of a nation. Policy changes necessitated by meeting the internationally set conditions (by WTO etc.) of free trade and investment flows obviously affect domestic producers and investors. But the basic philosophy underlying globalization emphasizes absolute freedom to markets to determine prices and production and distribution patterns, and view government interventions as processes that create distortions and bring in inefficiency. Thus, public enterprises have to be privatized through disinvestments and sales; sectors and activities hitherto reserved for the public sector have to be opened to the private sector. This logic extends to the social services like education and health. Any restrictions on the adjustments in workforce by way of retrenchment of workers should also be removed and exit should be made easier by removing any restrictions on closures. Employment and wages should be governed by free play of market forces, as any measure to regulate them can discourage investment and also create inefficiency in production. Above all, in line with the overall philosophy of reduction in the role of the State, fiscal reforms should be undertaken to have generally low levels of taxation and government expenditure should be kept to the minimum to abide by the principle of fiscal prudence. All these are policy actions on the domestic front and are not directly related to the core items of the globalization agenda, namely free international flow of goods and finance.

**30.** According to the passage, under the globalization, government interventions are viewed as processes leading to

(a) distortions and inefficiency in the economy.

(b) optimum use of resources.

(c) more profitability to industries.

(d) free play of market forces with regard to industries.

28. इस परिच्छेद द्वारा क्या सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण संदेश दिया गया है ?

(a) विशेषक्षेत्रीयता हिमालयी क्षेत्र की लाक्षणिक विशेषता है ।

(b) संरक्षण प्रयासों का बल कतिपय जातियों या आवासों के स्थान पर जैवभौगोलिक परासों पर होना चाहिए ।

(c) जलवायु परिवर्तन का हिमालय के पारितंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है ।

(d) हिमालय के पारितंत्र के अभाव में, उच्चभूमियों और अनुप्रवाह क्षेत्रों के समुदायों के जीवन का कोई धारण-आधार नहीं होगा ।

29. परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं :

1. प्राकृतिक पारितंत्र बनाए रखने के लिए, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का पूरी तरह परिहार किया जाना चाहिए ।
2. पारितंत्र को, न केवल मानवोद्भविक, बल्कि प्राकृतिक कारण भी प्रतिकूलतः प्रभावित कर सकते हैं ।
3. विशेषक्षेत्री विविधता के क्षय से पारितंत्र का विलोपन होता है ।

उपर्युक्त धारणाओं में से कौन-सी सही है/हैं ?

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

**परिच्छेद – 2**

यह अक्सर भुला दिया जाता है कि विश्वव्यापीकरण केवल अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों और लेन-देन संबंधी नीतियों के बारे में ही नहीं है, बल्कि इसका सरोकार समान रूप से राष्ट्र की घरेलू नीतियों से भी है । अंतर्राष्ट्रीय रूप से (WTO आदि द्वारा) मुक्त व्यापार और निवेश प्रवाह संबंधी नियत दशाओं को पूरा करने हेतु किए गए आवश्यक नीतिगत परिवर्तन प्रत्यक्षतः घरेलू उत्पादकों तथा निवेशकों को प्रभावित करते हैं । किन्तु विश्वव्यापीकरण में अधःशायी आधारभूत दर्शन कीमतों, उत्पादन तथा वितरण प्रतिरूप के निर्धारण के लिए बाज़ारों की अबाध स्वतंत्रता पर बल देता है, तथा सरकारी हस्तक्षेपों को उन प्रक्रियाओं के रूप में देखता है जो विकृति उत्पन्न करती हैं तथा अदक्षता लाती हैं । अतः सार्वजनिक उद्यमों का विनिवेशों तथा विक्रयों द्वारा निजीकरण हो; और अभी तक जो क्षेत्र और कार्यकलाप सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित हैं, आवश्यक है कि उन्हें प्राइवेट क्षेत्र के लिए खोल दिया जाए । इस तर्क का विस्तार शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी सामाजिक सेवाओं तक है । कामगारों की छँटनी के माध्यम से श्रम-बल का समायोजन करने पर लगे प्रतिबंध हटा लिए जाने चाहिए तथा तालाबंदी पर लगे प्रतिबंधों को हटाकर निर्गमन को अपेक्षाकृत आसान बनाया जाना चाहिए । रोज़गार तथा वेतन बाज़ार शक्तियों की स्वतंत्र गतिविधियों द्वारा शासित होना चाहिए, क्योंकि उनको नियंत्रित करने में कोई भी उपाय निवेश को हतोत्साहित कर सकते हैं तथा उत्पादन में अदक्षता भी उत्पन्न कर सकते हैं । सर्वोपरि रूप से, राज्य की भूमिका में कमी लाने के समग्र दर्शन के अनुरूप, ऐसे राजकोषीय सुधार किए जाने चाहिए जिनसे आमतौर पर कराधान के स्तर निम्न हों तथा वित्तीय विवेक के सिद्धांत के पालन हेतु शासकीय खर्च न्यूनतम हो । ये सब घरेलू स्तर पर किए जाने वाले नीतिगत कार्य हैं तथा विश्वव्यापीकरण कार्यसूची के सारभाग विषयों, यथा, माल और वित्त के स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह से प्रत्यक्षतः संबंधित नहीं हैं ।

30. इस परिच्छेद के अनुसार, विश्वव्यापीकरण के अंतर्गत सरकारी हस्तक्षेपों को ऐसी प्रक्रियाओं के रूप में देखा जाता है, जिनके कारण

(a) अर्थव्यवस्था में विकृतियाँ और अदक्षता आती है ।

(b) संसाधनों का इष्टतम उपयोग होता है ।

(c) उद्योगों को अपेक्षाकृत अधिक लाभप्रदता होती है ।

(d) उद्योगों के संबंध में बाज़ार शक्तियों की गतिविधि स्वतंत्र होती है ।

31. According to the passage, the basic philosophy of globalization is to

(a) give absolute freedom to producers to determine prices and production.

(b) give freedom to producers to evolve distribution patterns.

(c) give absolute freedom to markets to determine prices, production and employment.

(d) give freedom to producers to import and export.

32. According to the passage, which of the following is/are necessary for ensuring globalization ?

1. Privatization of public enterprises
2. Expansionary policy of public expenditure
3. Free play of market forces to determine wages and employment
4. Privatization of social services like education and health

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 3 and 4

(d) 2, 3 and 4

33. According to the passage, in the process of globalization the State should have

(a) expanding role.


(b) reducing role.

(c) statutory role.

(d) none of the above roles.

***Directions for the following 4 (four) items :***

*The following graph shows the average profit of two fruit-sellers A and B in thousands (₹) per year from the year 1995 to 2000. Consider the graph and answer the 4 (four) items that follow :*




34. In which year is the average profit of A and B same ?

(a) 1995

(b) 1996

(c) 1997

(d) 1998

35. What is the difference between the average profit of B and A in the year 1998 ?

(a) – ₹ 100

(b) – ₹ 1,000

(c) + ₹ 600

(d) – ₹ 300

36. How much more average profit did A make in the year 2000 than in the year 1999 ?

(a) ₹ 200

(b) ₹ 1,000

(c) ₹ 1,500

(d) ₹ 2,000

31. इस परिच्छेद के अनुसार, विश्वव्यापीकरण का आधारभूत दर्शन क्या है ?

(a) कीमतों और उत्पादन के निर्धारण के लिए उत्पादकों को पूर्ण स्वतंत्रता देना

(b) वितरण प्रतिरूप विकसित करने हेतु उत्पादकों को स्वतंत्रता देना

(c) कीमतों, उत्पादन और रोज़गार के निर्धारण हेतु बाज़ारों को पूर्ण स्वतंत्रता देना

(d) आयात और निर्यात के लिए उत्पादकों को स्वतंत्रता देना

32. इस परिच्छेद के अनुसार, विश्वव्यापीकरण सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से आवश्यक है/हैं ?

1. सार्वजनिक उद्यमों का निजीकरण

2. सार्वजनिक व्यय की विस्तार-नीति

3. वेतन और रोज़गार निर्धारित करने की बाज़ार शक्तियों की स्वतंत्र गतिविधि

4. शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सामाजिक सेवाओं का निजीकरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

33. इस परिच्छेद के अनुसार, विश्वव्यापीकरण की प्रक्रिया में राज्य की भूमिका कैसी होनी चाहिए ?

(a) विस्तृत होती हुई


(b) घटती हुई

(c) सांविधिक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***निम्नलिखित 4 (चार) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :***

*निम्नलिखित आलेख, दो फल-विक्रेताओं A और B का वर्ष 1995 से 2000 तक, प्रति वर्ष हजारों ₹ में औसत लाभ दर्शाता है। इस आलेख पर विचार कीजिए और आगे आने वाले 4 (चार) प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए :*




34. किस वर्ष में A और B का औसत लाभ समान है ?

(a) 1995
(b) 1996
(c) 1997
(d) 1998

35. वर्ष 1998 में, B और A के औसत लाभ के बीच क्या अंतर है ?

(a) – ₹ 100
(b) – ₹ 1,000
(c) + ₹ 600
(d) – ₹ 300

36. A ने वर्ष 2000 में, वर्ष 1999 के औसत लाभ से कितना अधिक औसत लाभ अर्जित किया ?

(a) ₹ 200
(b) ₹ 1,000
(c) ₹ 1,500
(d) ₹ 2,000

37. What is the trend of the average profit of B from the year 1997 to the year 2000 ?

(a) Non-increasing

(b) Non-decreasing

(c) Steady

(d) Fluctuating

38. The following table shows the marks obtained by two students in different subjects :

| | Student A | Maximum Marks | Student B | Maximum Marks |
|---|---|---|---|---|
| English | 60 | 100 | 80 | 150 |
| Psychology | 70 | 100 | 70 | 100 |
| History | 50 | 100 | 60 | 100 |
| Sanskrit | 30 | 50 | 15 | 25 |

The difference in the mean aggregate percentage marks of the students is


(a) 2·5%

(b) 13·75%


(c) 1·25%

(d) Zero

39. Examine the following figure :




Which one of the following figures has the above figure embedded in it ?





(a) (b) (c) (d)


40. Consider the following matrix :




Which one of the following figures fits into the blank part of the above matrix ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

41. The following table gives population and total income of a city for four years :

| Year | 1992 | 1993 | 1994 | 1995 |
|---|---|---|---|---|
| Population in lakhs | 20 | 21 | 22 | 23 |
| Income in crores (₹) | 1010 | 1111 | 1225 | 1345 |

Which one of the following statements is correct in respect of the above data ?

(a) Population increased by 5% or more every year.

(b) Income increased by 10% or more every year.

(c) Per capita income was always above ₹ 5,000.

(d) Per capita income was highest in 1994.

**37.** वर्ष 1997 से वर्ष 2000 तक, B के औसत लाभ की क्या प्रवृत्ति है ?

(a) अवर्धमान

(b) अह्रासमान

(c) अपरिवर्ती

(d) अस्थिर

**38.** निम्नलिखित सारणी में बताया गया है कि दो छात्रों ने भिन्न-भिन्न विषयों में कितने-कितने अंक प्राप्त किए :

| | छात्र A | अधिकतम अंक | छात्र B | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | 60 | 100 | 80 | 150 |
| मनोविज्ञान | 70 | 100 | 70 | 100 |
| इतिहास | 50 | 100 | 60 | 100 |
| संस्कृत | 30 | 50 | 15 | 25 |

छात्रों के माध्य समुच्चयी प्रतिशत अंकों में कितना अंतर है ?


(a) 2·5%

(b) 13·75%


(c) 1·25%

(d) शून्य

**39.** नीचे दी गई आकृति का परीक्षण कीजिए :




नीचे दी गई आकृतियों में से किस एक आकृति में ऊपर दी गई आकृति अंतःस्थापित है ?





(a) (b) (c) (d)


**40.** नीचे दिए गए आव्यूह पर विचार कीजिए :




नीचे दी गई आकृतियों में से कौन-सी एक आकृति, ऊपर दिए गए आव्यूह के रिक्त भाग में ठीक-ठीक बैठती (फिट) है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**41.** निम्नलिखित सारणी में एक शहर की चार वर्षों की जनसंख्या और कुल आय प्रस्तुत है :

| वर्ष | 1992 | 1993 | 1994 | 1995 |
|---|---|---|---|---|
| जनसंख्या, लाखों में | 20 | 21 | 22 | 23 |
| आय, करोड़ों ₹ में | 1010 | 1111 | 1225 | 1345 |

उपर्युक्त आँकड़ों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?

(a) जनसंख्या में प्रति वर्ष 5% या अधिक वृद्धि हुई है ।

(b) आय में प्रति वर्ष 10% या अधिक वृद्धि हुई है ।

(c) प्रति व्यक्ति आय हमेशा ₹ 5,000 से अधिक रही है ।

(d) प्रति व्यक्ति आय 1994 में सर्वाधिक थी ।

**42.** Consider the table given below in which the numbers bear certain relationship among themselves along the rows :

| | | |
|---|---|---|
| 29 | 13 | 18 |
| 33 | X | 19 |
| 30 | 27 | 3 |

Which one of the following numbers is the missing number indicated above by X ?


(a) 19

(b) 15


(c) 14

(d) 8

**43.** Consider the following matrix with one empty block in the lower extreme corner :




Which of the following figures could fit in the empty block and thus complete the matrix ?



(a) (b) (c) (d)

**44.** With reference to the figure given below, the number of different routes from S to T without retracing from U and/or V, is





(a) 3

(b) 6


(c) 9


(d) 18


**45.** Consider the following figures :





Change in positions of beads in the four figures above follows a sequence. Following the same sequence, which of the figures below should appear as the fifth figure above ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**42.** नीचे दी गई सारणी पर विचार कीजिए, जिसमें संख्याएँ पंक्तियों के साथ आपस में विशेष सम्बन्ध रखती हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 29 | 13 | 18 |
| 33 | X | 19 |
| 30 | 27 | 3 |

निम्नलिखित में से कौन-सी एक संख्या, उपर्युक्त X द्वारा इंगित लुप्त संख्या है ?


(a) 19

(b) 15


(c) 14

(d) 8

**43.** नीचे दिए गए निचले आखिरी कोने में एक रिक्त खण्ड वाले आव्यूह पर विचार कीजिए :




निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति रिक्त खण्ड में उपयुक्त हो सकती है जिससे आव्यूह पूरा हो जाए ?



(a) (b) (c) (d)

**44.** नीचे दी गई आकृति के संदर्भ में, U और/या V से पुनः अनुरेखण किए बिना, S से T तक जाने के कितने भिन्न मार्ग हैं ?





(a) 3

(b) 6


(c) 9


(d) 18


**45.** निम्नांकित आकृतियों पर विचार कीजिए :





ऊपर अंकित चार आकृतियों में मनकों की स्थिति एक अनुक्रम के अनुसार बदलती है । उसी अनुक्रम का अनुसरण करते हुए, निम्नांकित आकृतियों में से कौन-सी एक, ऊपर की पाँचवीं आकृति के रूप में आनी चाहिए ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

46. A bell rings every 18 minutes. A second bell rings every 24 minutes. A third bell rings every 32 minutes. If all the three bells ring at the same time at 8 o'clock in the morning, at what other time will they all ring together ?

(a) 12 : 40 hrs

(b) 12 : 48 hrs

(c) 12 : 56 hrs

(d) 13 : 04 hrs

47. "Price is not the same thing as value. Suppose that on a day the price of everything viz., coal, bread, postage stamps, a day's labour, the rent of houses, etc. were to double. Prices then would certainly rise, but values of all things except one would not."

The writer wants to say that if prices of all things were doubled

(a) the values of all things would remain constant.

(b) the values of the things sold would be doubled.

(c) the values of the things bought would be halved.

(d) the value of money only would be halved.

48. A and B decide to travel from place X to place Y by bus. A has ₹ 10 with him and he finds that it is 80% of the bus fare for two persons. B finds that he has ₹ 3 with him and hands it over to A. In this context, which one of the following statements is correct ?

(a) Now the money A has is just enough to buy two tickets.

(b) A still needs ₹ 2 for buying the tickets.

(c) After buying the two tickets A will be left with 50 paise.

(d) The money A now has is still not sufficient to buy two tickets.

49. As per agreement with a bank, a businessman had to refund a loan in some equal instalments without interest. After paying 18 instalments he found that 60 percent of his loan was refunded. How many instalments were there in the agreement ?

(a) 22

(b) 24

(c) 30

(d) 33

50. A worker reaches his factory 3 minutes late if his speed from his house to the factory is 5 km/hr. If he walks at a speed of 6 km/hr, then he reaches the factory 7 minutes early. The distance of the factory from his house is

(a) 3 km

(b) 4 km

(c) 5 km

(d) 6 km

51. "Liberty, therefore, is never real unless the Government can be called to account when it invades rights."

Which one of the following is the best justification of the above statement ?

(a) In the realisation that the government can be brought to book in a court of law

(b) In identifying a man as a political unit in a way which distinguishes him from other citizens

(c) In a decentralized society wherein the basic needs of men can find satisfaction

(d) In the understanding that liberty and restraints are complementary

46. एक घंटी हर 18 मिनट पर बजती है । एक दूसरी घंटी हर 24 मिनट पर बजती है । एक तीसरी घंटी हर 32 मिनट पर बजती है । यदि सभी तीनों घंटियाँ एक ही समय में सुबह 8 बजे बजती हैं, तो दूसरे किस समय पर वे सभी एक साथ बजेंगी ?

(a) 12 : 40 बजे

(b) 12 : 48 बजे

(c) 12 : 56 बजे

(d) 13 : 04 बजे

47. "कीमत वही चीज़ नहीं है जो मूल्य है । मान लें कि किसी दिन हर चीज़ जैसे, कोयला, रोटी, डाक टिकटें, एक दिन का श्रम, मकानों का भाड़ा, आदि की कीमतें दुगुनी हो जाती हैं । तब कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी, किन्तु एक को छोड़कर बाकी चीज़ों के मूल्य नहीं बढ़ेंगे ।"

लेखक कहना चाहता है कि यदि सभी चीज़ों की कीमतें दुगुनी हो जाएँ तो

(a) सब चीज़ों के मूल्य स्थिर रहेंगे ।

(b) बिकी हुई चीज़ों के मूल्य दुगुने हो जाएँगे ।

(c) खरीदी गई चीज़ों के मूल्य आधे हो जाएँगे ।

(d) केवल मुद्रा का मूल्य आधा हो जाएगा ।

48. A और B बस द्वारा स्थान X से स्थान Y तक जाने का निश्चय करते हैं । A के पास ₹ 10 हैं और उसे पता चलता है कि यह राशि दो व्यक्तियों के लिए बस किराए का 80% है । B के पास ₹ 3 मिलते हैं जिसे वह A को दे देता है । इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?

(a) A के पास अब जो नकदी है, वह मात्र दो टिकटों के लिए ही पर्याप्त है ।

(b) A को टिकटें खरीदने के लिए ₹ 2 और चाहिए ।

(c) दो टिकट खरीदने के बाद A के पास 50 पैसे बच जाएँगे ।

(d) A के पास अब जो नकदी है, वह अभी भी दो टिकट खरीदने के लिए पर्याप्त नहीं है ।

49. एक बैंक से किए गए समझौते के अनुसार, एक व्यापारी को कोई ऋणराशि कुछ समान किश्तों में बिना ब्याज चुकानी थी । 18 किश्त चुकाने के बाद उसने पाया कि उसका 60 प्रतिशत ऋण चुक गया । समझौते के अनुसार कितनी किश्तें थीं ?

(a) 22

(b) 24

(c) 30

(d) 33

50. कोई श्रमिक अपने घर से फैक्टरी तक 5 कि.मी. प्रति घंटा की गति से चलकर अपनी फैक्टरी में 3 मिनट विलंब से पहुँचता है । यदि वह 6 कि.मी. प्रति घंटा की गति से चलता है, तो वह फैक्टरी 7 मिनट पहले पहुँचता है । फैक्टरी से उसके घर की दूरी क्या है ?

(a) 3 कि.मी.

(b) 4 कि.मी.

(c) 5 कि.मी.

(d) 6 कि.मी.

51. "अतएव स्वतंत्रता कभी वास्तविक नहीं होती है जब तक सरकार से, उसके द्वारा अधिकारों पर आक्रमण करने पर, स्पष्टीकरण नहीं माँगा जाए ।"

उपर्युक्त कथन का सर्वश्रेष्ठ औचित्य निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) इस बोध में कि न्यायालय में सरकार से स्पष्टीकरण माँगा जा सकता है

(b) एक मानव को राजनैतिक इकाई के रूप में इस प्रकार पहचानने में कि वह अन्य नागरिकों से विशिष्ट हो जाए

(c) ऐसे विकेन्द्रित समाज में जिसमें मनुष्यों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाए

(d) इस समझ में कि स्वतंत्रता और पाबंदियाँ परस्पर पूरक हैं

***Directions for the following 7 (seven) items :***

*Read the following* ***two*** *passages and answer the items that follow each passage. Your answers to these items should be based on the passages only.*

**Passage – 1**

Many nations now place their faith in capitalism and governments choose it as the strategy to create wealth for their people. The spectacular economic growth seen in Brazil, China and India after the liberalisation of their economies is proof of its enormous potential and success. However, the global banking crisis and the economic recession have left many bewildered. The debates tend to focus on free market operations and forces, their efficiency and their ability for self correction. Issues of justice, integrity and honesty are rarely elaborated to highlight the failure of the global banking system. The apologists of the system continue to justify the success of capitalism and argue that the recent crisis was a blip.

Their arguments betray an ideological bias with the assumptions that an unregulated market is fair and competent, and that the exercise of private greed will be in the larger public interest.

Few recognize the bidirectional relationship between capitalism and greed; that each reinforces the other. Surely, a more honest conceptualisation of the conflicts of interest among the rich and powerful players who have benefited from the system, their biases and ideology is needed; the focus on the wealth creation should also highlight the resultant gross inequity.

**52.** The apologists of the "Free Market System", according to the passage, believe in

(a) market without control by government authorities.

(b) market without protection by the government.

(c) ability of market to self correct.

(d) market for free goods and services.

**53.** With reference to "ideological bias", the passage implies that

(a) free market is fair but not competent.

(b) free market is not fair but competent.

(c) free market is fair and competent.

(d) free market is neither fair nor biased.

**54.** "The exercise of private greed will be in the larger public interest" from the passage

1. refers to the false ideology of capitalism.
2. underlies the righteous claims of the free market.
3. shows the benevolent face of capitalism.
4. ignores resultant gross inequity.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4

(d) 4 only

*निम्नलिखित 7 (सात) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के आगे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए । इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए ।*

**परिच्छेद – 1**

अनेक राष्ट्र अब पूँजीवाद में विश्वास रखते हैं तथा सरकारें अपने लोगों के लिए सम्पत्ति सर्जित करने की रणनीति के रूप में इसे चुनती हैं । ब्राज़ील, चीन और भारत में उनकी अर्थव्यवस्थाओं के उदारीकरण के पश्चात् देखी गई भव्य आर्थिक संवृद्धि इसकी विशाल सम्भाव्यता और सफलता का प्रमाण है । तथापि, विश्वव्यापी बैंकिंग संकट तथा आर्थिक मंदी कइयों के लिए विस्मयकारी रहा है । चर्चाओं का केंद्रबिन्दु मुक्त बाज़ार संक्रियाओं और बलों, उनकी दक्षता और स्वयं सुधार करने की उनकी योग्यता की ओर हुआ है । विश्वव्यापी बैंकिंग प्रणाली की असफलता को दर्शाने हेतु न्याय, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के मुद्दों का वर्णन विरले ही किया जाता है । इस प्रणाली के समर्थक पूँजीवाद की सफलता का औचित्य ठहराते ही जाते हैं और उनका तर्क है कि वर्तमान संकट एक धक्का था ।

उनके तर्क उनके विचारधारागत पूर्वग्रह को इस पूर्वधारणा के साथ प्रकट करते हैं कि अनियंत्रित बाज़ार न्यायोचित तथा समर्थ होता है, और निजी लालच का व्यवहार वृहत्तर लोकहित में होगा ।

कुछ लोग पूँजीवाद और लालच के बीच द्विदिशिक सम्बन्ध होने की पहचान करते हैं; कि दोनों एक-दूसरे को परिपुष्ट करते हैं । निश्चित रूप से, इस व्यवस्था से लाभ पाने वाले धनाढ्य और सशक्त खिलाड़ियों के बीच हितों के टकराव, उनके झुकाव और विचारधाराओं के अपेक्षाकृत अधिक ईमानदार सम्प्रत्ययीकरण की आवश्यकता है; साथ ही सम्पत्ति सर्जन को केंद्रबिन्दु में रखने के साथ उसके परिणामस्वरूप जनित सकल असमानता को भी दर्शाया जाना चाहिए ।

**52.** इस परिच्छेद के अनुसार, "मुक्त बाज़ार व्यवस्था" के समर्थक किसमें विश्वास करते हैं ?

(a) सरकारी प्राधिकारियों के नियंत्रण से रहित बाज़ार

(b) सरकारी संरक्षण से मुक्त बाज़ार

(c) बाज़ार की स्वयं के सुधार की क्षमता

(d) निःशुल्क वस्तुओं व सेवाओं के लिए बाज़ार

**53.** "विचारधारागत पूर्वग्रह" के संदर्भ में, इस परिच्छेद का निहितार्थ क्या है ?

(a) मुक्त बाज़ार न्यायोचित होता है किंतु सक्षम नहीं

(b) मुक्त बाज़ार न्यायोचित नहीं होता किंतु सक्षम होता है

(c) मुक्त बाज़ार न्यायोचित और सक्षम होता है

(d) मुक्त बाज़ार न तो न्यायोचित होता है, न ही पूर्वग्रहयुक्त

**54.** इस परिच्छेद से "निजी लालच का व्यवहार वृहत्तर लोकहित में होगा",

1. पूँजीवाद की झूठी विचारधारा को निर्दिष्ट करता है ।
2. मुक्त बाज़ार के न्यायसंगत दावों को स्वीकार करता है ।
3. पूँजीवाद के सद्भावपूर्ण चेहरे को दिखाता है ।
4. परिणामी सकल असमानता की उपेक्षा करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) केवल 4

## Passage – 2

Net profits are only 2·2% of their total assets for central public sector undertakings, lower than for the private corporate sector. While the public sector or the State-led entrepreneurship played an important role in triggering India's industrialization, our evolving development needs, comparatively less-than-satisfactory performance of the public sector enterprises, the maturing of our private sector, a much larger social base now available for expanding entrepreneurship and the growing institutional capabilities to enforce competition policies would suggest that the time has come to review the role of public sector.

What should the portfolio composition of the government be ? It should not remain static all times. The airline industry works well as a purely private affair. At the opposite end, rural roads, whose sparse traffic makes tolling unviable, have to be on the balance-sheet of the State. If the government did not own rural roads, they would not exist. Similarly, public health capital in our towns and cities will need to come from the public sector. Equally, preservation and improvement of forest cover will have to be a new priority for the public sector assets.

Take the example of steel. With near-zero tariffs, India is a globally competitive market for the metal. Indian firms export steel into the global market, which demonstrates there is no gap in technology. Indian companies are buying up global steel companies, which shows there is no gap in capital availability. Under these conditions, private ownership works best.

Private ownership is clearly desirable in regulated industries, ranging from finance to infrastructure, where a government agency performs the function of regulation and multiple competing firms are located in the private sector. Here, the simple and clean solution — government as the umpire and the private sector as the players is what works best. In many of these industries, we have a legacy of government ownership, where productivity tends to be lower, fear of bankruptcy is absent, and the risk of asking for money from the tax payer is ever present. There is also the conflict of interest between government as an owner and as the regulator. The formulation and implementation of competition policy will be more vigorous and fair if government companies are out of action.

### परिच्छेद – 2

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के निवल लाभ उनकी कुल परिसम्पत्तियों का मात्र 2·2% है, जो प्राइवेट निगम क्षेत्रक की तुलना में कम है । भले ही सार्वजनिक क्षेत्रक या राज्य-संचालित उद्यमवृत्ति ने भारत के औद्योगीकरण को प्रेरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, तथापि, हमारी बढ़ती हुई विकास आवश्यकताएँ, सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों के संतोषजनक से अपेक्षाकृत न्यून निष्पादन, हमारे प्राइवेट क्षेत्रक में आई परिपक्वता, उद्यमवृत्ति के प्रसार हेतु इस समय उपलब्ध कहीं अधिक व्यापक सामाजिक आधार और प्रतियोगिता नीतियों को लागू कर सकने के बढ़ते हुए सांस्थानिक सामर्थ्य यह सुझाते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्रक की भूमिका के पुनरवलोकन का समय आ गया है ।

सरकार का संविभाग-संघटन कैसा होना चाहिए ? इसे सारे समय स्थिर नहीं बने रहना चाहिए । विमानन उद्योग पूर्णतः प्राइवेट मामलों की तरह भली-भाँति कार्य करता है । दूसरी तरफ, ग्रामीण सड़कों को, जिनका छुटपुट यातायात पथकर व्यवस्था को अव्यवहार्य बना देता है, राज्य के तुलन-पत्र पर होना चाहिए । यदि ग्रामीण सड़कें सरकार के स्वामित्व में न हों, तो उनका अस्तित्व ही न रहेगा । उसी तरह, हमारे क़सबों और नगरों में लोक स्वास्थ्य पूँजी का सार्वजनिक क्षेत्रक से आना ज़रूरी है । इसी प्रकार, वनाच्छादन के संरक्षण और संवर्धन को सार्वजनिक क्षेत्रक परिसम्पत्तियों की एक नई प्राथमिकता के रूप में होना चाहिए ।

इस्पात का ही उदाहरण लें । लगभग शून्य प्रशुल्क के साथ, भारत इस धातु के लिए एक सार्वभौम प्रतियोगी बाज़ार है । भारतीय व्यापार-प्रतिष्ठान विश्व बाज़ार में इस्पात का निर्यात करते हैं, जिससे यह निदर्शित होता है कि प्रौद्योगिकी में कोई अंतराल नहीं है । भारतीय कम्पनियाँ विश्व की इस्पात कम्पनियों को खरीद रही हैं, जो यह दिखाता है कि पूँजी उपलब्धता में कोई अंतराल नहीं है । इन दशाओं में, प्राइवेट स्वामित्व उत्कृष्ट कार्य करता है ।

विनियमित उद्योगों में, वित्त से लेकर आधारिक संरचना तक, प्राइवेट स्वामित्व साफ तौर पर वांछनीय है, जहाँ सरकारी अभिकरण विनियमन का कार्य निष्पन्न करे और बहुल प्रतियोगी व्यापार-प्रतिष्ठान प्राइवेट क्षेत्रक में अवस्थित हों । यहाँ, सरल और स्पष्ट समाधान है — सरकार का खेलपंच (अम्पायर) की तरह होना और प्राइवेट क्षेत्रक का खिलाड़ियों की तरह होना ही सबसे अच्छी तरह कार्य करता है । इनमें से अनेक उद्योगों में, सरकारी स्वामित्व की विरासत है, जहाँ उत्पादकता की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत कम रहने की ओर है, दिवालियेपन का भय मौजूद नहीं है, और करदाताओं से धन की माँग का जोख़िम हमेशा बना हुआ है । इसमें सरकार के स्वामी होने और नियामक होने के बीच एक हित-द्वन्द्व भी बना रहता है । यदि सरकारी कम्पनियाँ कार्यरत न हों, तो प्रतियोगिता नीति की रचना और कार्यान्वयन और भी सशक्त और निष्पक्ष होगा ।

**55.** According to the passage, what is/are the reason/reasons for saying that the time has come to review the role of public sector ?

1. Now public sector has lost its relevance in the industrialization process.
2. Public sector does not perform satisfactorily.
3. Entrepreneurship in private sector is expanding.
4. Effective competition policies are available now.

Which of the statements given above is/are correct in the given context ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**56.** According to the passage, rural roads should be in the domain of public sector only. Why ?

(a) Rural development work is the domain of government only.

(b) Private sector cannot have monetary gains in this.

(c) Government takes money from tax payers and hence it is the responsibility of government only.

(d) Private sector need not have any social responsibility.

**57.** The portfolio composition of the government refers to

(a) Public sector assets quality.

(b) Investment in liquid assets.

(c) Mix of government investment in different industrial sectors.

(d) Buying Return on Investment yielding capital assets.

**58.** The author prefers government as the umpire and private sector as players because

(a) Government prescribes norms for a fair play by the private sector.

(b) Government is the ultimate in policy formulation.

(c) Government has no control over private sector players.

(d) None of the above statements is correct in this context.

**59.** A question paper must have a question on one of the eight poets : A, B, C, D, E, F, G or H. The first four belong to the medieval period while the rest are considered modern poets. Generally, modern poets figure in the question paper in alternate years. Generally those who like H like G also; and those who like F like E also. The paper-setter does not like to ask about F as he has written a book on F, but he likes F. Last year, the paper contained a question on A. On the basis of the information given, this year's paper is most likely to contain a question on

(a) C

(b) E

(c) F

(d) H

55. इस परिच्छेद के अनुसार, यह कहने का/के क्या कारण है/हैं कि सार्वजनिक क्षेत्रक की भूमिका के पुनरवलोकन का समय आ गया है ?

1. औद्योगीकरण प्रक्रिया में अब सार्वजनिक क्षेत्रक ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है ।
2. सार्वजनिक क्षेत्रक संतोषजनक ढंग से निष्पादन नहीं करता ।
3. प्राइवेट क्षेत्रक में उद्यमवृत्ति बढ़ रही है ।
4. अब प्रभावकारी प्रतियोगी नीतियाँ उपलब्ध हैं ।

दिए गए संदर्भ में, उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

56. इस परिच्छेद के अनुसार, ग्रामीण सड़कों को सार्वजनिक क्षेत्रक के दायरे में ही होना चाहिए । क्यों ?

(a) ग्रामीण विकास-कार्य केवल सरकार का अधिकार-क्षेत्र है ।
(b) इसमें निजी क्षेत्रक को धन लाभ नहीं हो सकता ।
(c) सरकार कर-दाताओं से धन लेती है, अतः यह सरकार का ही दायित्व है ।
(d) प्राइवेट क्षेत्रक की कोई सामाजिक जिम्मेदारी होना आवश्यक नहीं है ।

57. सरकार का संविभाग-संघटन किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) सार्वजनिक क्षेत्रक की परिसंपत्ति गुणता
(b) तरल परिसंपत्तियों में निवेश
(c) विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रकों में सरकारी निवेश का मिश्रण
(d) निवेश पर प्रतिफल देने वाली पूँजी परिसंपत्तियों का क्रय

58. लेखक सरकार को खेलपंच (अम्पायर) की तरह और प्राइवेट क्षेत्रक को खिलाड़ियों की तरह होना पसंद करता है, क्योंकि

(a) सरकार प्राइवेट क्षेत्रक के निष्पक्ष कार्य के लिए मानदण्ड विहित करती है ।
(b) नीति की रचना के लिए सरकार ही अंतिम सत्ता है ।
(c) सरकार का प्राइवेट क्षेत्रक में कार्य करने वालों पर कोई नियंत्रण नहीं होता ।
(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है ।

59. किसी प्रश्न-पत्र में आठ कवियों में से एक, A, B, C, D, E, F, G या H पर प्रश्न का होना आवश्यक है । इन कवियों में पहले चार कवि मध्य युग के और शेष आधुनिक काल के माने जाते हैं । साधारणतया, एकांतर वर्षों में प्रश्न-पत्र में आधुनिक कवियों पर प्रश्न पूछे जाते हैं । साधारणतया जो H को पसंद करते हैं वे G को भी पसंद करते हैं; और जो F को पसंद करते हैं वे E को भी पसंद करते हैं । प्राश्निक F के बारे में प्रश्न पूछना नहीं चाहता क्योंकि उसने F के बारे में पुस्तक लिखी है, किन्तु वह F को पसंद करता है । पिछले वर्ष, प्रश्न-पत्र में A के बारे में एक प्रश्न था । दी गई सूचना के आधार पर, इस वर्ष किस कवि के बारे में प्रश्न पूछे जाने की अत्यधिक संभावना है ?

(a) C
(b) E
(c) F
(d) H

60. In a group of six women there are four dancers, four vocal musicians, one actress and three violinists. Girija and Vanaja are among the violinists while Jalaja and Shailaja do not know how to play on the violin. Shailaja and Tanuja are among the dancers. Jalaja, Vanaja, Shailaja and Tanuja are all vocal musicians and two of them are also violinists. If Pooja is an actress, who among the following is certainly a dancer and a violinist ?

(a) Jalaja
(b) Pooja
(c) Shailaja
(d) Tanuja

61. The letters L, M, N, O, P, Q, R, S and T in their order are substituted by nine integers 1 to 9 but not in that order. 4 is assigned to P. The difference between P and T is 5. The difference between N and T is 3. What is the integer assigned to N ?

(a) 7
(b) 5
(c) 4
(d) 6

62. The number of deaths among the army personnel is 8 in 1000, but among the civilian population it is 20 per 1000. Which one of the following inferences can be drawn from this statement ?

(a) It is better to join the army.
(b) The relationship is fortuitous.
(c) Quality of Life Index is very high within the armed forces.
(d) The groups cannot be compared due to their heterogeneity.

63. Given the statement : "Buses are the cause of more accidents than cars, and trucks cause fewer accidents than buses", which of the following conclusions can we draw ?

(a) There are more buses on the road than trucks.
(b) Car drivers are more careful than bus drivers.
(c) Truck drivers are more skilled than either car or bus drivers.
(d) None of the above

64. "If political leadership fails to emerge, there is likelihood of military taking over power in developing countries. Radical student groups or labour may try to raise revolution but they are not likely to compete with the military. Military intervention, rule, and withdrawal from politics is closely related to a society's level of political development."

In the context of political development, the assumption in the above passage is that

(a) political leadership is not an effective instrument.
(b) military fills in political vacuum.
(c) military intervention is inevitable for development.
(d) None of the above

60. छह स्त्रियों की मंडली में चार नर्तकियाँ, चार गायिकाएँ, एक अभिनेत्री और तीन वायलिन वादिकाएँ हैं । गिरिजा और वनजा वायलिन वादिकाएँ हैं जबकि जलजा और शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानतीं । शैलजा और तनुजा नर्तकियों में से हैं । जलजा, वनजा, शैलजा और तनुजा सभी गायिकाएँ हैं और उनमें से दो वायलिन वादिकाएँ भी हैं । यदि पूजा अभिनेत्री है, तो निम्नलिखित में से कौन निश्चित रूप से नर्तकी भी है और वायलिन वादिका भी ?

(a) जलजा

(b) पूजा

(c) शैलजा

(d) तनुजा

61. L, M, N, O, P, Q, R, S और T अक्षरों को नौ पूर्णांकों, 1 से 9 से प्रतिस्थापित किया जाता है, परन्तु उसी क्रम में नहीं । P के लिए 4 निर्धारित है । P और T के बीच अंतर 5 है । N और T के बीच अंतर 3 है । N के लिए निर्धारित पूर्णांक क्या है ?

(a) 7

(b) 5

(c) 4

(d) 6

62. सेना के कार्मिकों में 1000 में से 8 की मृत्यु होती है, किन्तु नागरिक जनसंख्या में यह प्रति 1000 में 20 है । इस कथन से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) सेना में भर्ती होना बेहतर है ।

(b) यह सम्बन्ध आकस्मिक है ।

(c) सशस्त्र बलों में जीवन गुणता सूचकांक बहुत ऊँचा है ।

(d) उनकी विषमजातीयता के कारण इन वर्गों की तुलना नहीं की जा सकती ।

63. "बसें कारों की अपेक्षा अधिक दुर्घटनाओं का कारण हैं और ट्रक बसों की अपेक्षा कम दुर्घटनाओं का कारण होते हैं ।"

इस कथन से हम निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं ?

(a) सड़कों पर ट्रकों की अपेक्षा बसें अधिक हैं ।

(b) कार चालक बस चालकों की अपेक्षा अधिक सावधान हैं ।

(c) ट्रक चालक कार अथवा बस चालकों की अपेक्षा अधिक कुशल हैं ।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. "यदि राजनैतिक नेतृत्व उभरने में असफल होता है, तो विकासशील देशों में सेना द्वारा सत्ता हथियाने की संभावना होती है । उग्र छात्र समूह अथवा श्रमिक लोग क्रान्ति उत्पन्न करने का प्रयास कर सकते हैं, किन्तु वे सेना से प्रतिद्वंद्विता कभी नहीं कर सकते । सेना का हस्तक्षेप, शासन और राजनीति से हट जाना, समाज के राजनैतिक विकास के स्तर से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित है ।"

राजनैतिक विकास के संदर्भ में, उपर्युक्त गद्यांश में यह मान्यता है कि

(a) राजनैतिक नेतृत्व प्रभावकारी उपकरण नहीं है ।

(b) सेना राजनैतिक शून्य को भरती है ।

(c) विकास हेतु सेना का हस्तक्षेप अवश्यम्भावी है ।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** Four persons, Alok, Bhupesh, Chander and Dinesh have a total of ₹ 100 among themselves. Alok and Bhupesh between them have as much money as Chander and Dinesh between them, but Alok has more money than Bhupesh; and Chander has only half the money that Dinesh has. Alok has in fact ₹ 5 more than Dinesh has. Who has the maximum amount of money ?

(a) Alok

(b) Bhupesh

(c) Chander

(d) Dinesh

**66.** Examine the following statements :

1. George attends Music classes on Monday.
2. He attends Mathematics classes on Wednesday.
3. His Literature classes are not on Friday.
4. He attends History classes on the day following the day of his Mathematics classes.
5. On Tuesday, he attends his Sports classes.

If he attends just one subject in a day and his Sunday is free, then he is also free on

(a) Monday

(b) Thursday

(c) Saturday

(d) Friday

**67.** In a row 'A' is in the $11^{th}$ position from the left and 'B' is in the $10^{th}$ position from the right. If 'A' and 'B' interchange, then 'A' becomes $18^{th}$ from the left. How many persons are there in the row other than 'A' and 'B' ?

(a) 27

(b) 26

(c) 25

(d) 24

**68.** Location of B is north of A and location of C is east of A. The distances AB and AC are 5 km and 12 km respectively. The shortest distance (in km) between the locations B and C is

(a) 60

(b) 13

(c) 17

(d) 7

**69.** Two cars start towards each other, from two places A and B which are at a distance of 160 km. They start at the same time 08 : 10 AM. If the speeds of the cars are 50 km and 30 km per hour respectively, they will meet each other at

(a) 10 : 10 AM

(b) 10 : 30 AM

(c) 11 : 10 AM

(d) 11 : 20 AM

65. चार व्यक्तियों — आलोक, भूपेश, चंदर और दिनेश के पास कुल मिलाकर ₹ 100 हैं । आलोक और भूपेश के पास की धनराशि मिलाकर उतनी ही धनराशि है जितनी चंदर और दिनेश के पास की धनराशि मिलाकर, किन्तु आलोक के पास भूपेश से अधिक धनराशि है; और चंदर के पास दिनेश से केवल आधी धनराशि है । आलोक के पास वस्तुतः दिनेश से ₹ 5 अधिक हैं । किसके पास अधिकतम धनराशि है ?

(a) आलोक

(b) भूपेश

(c) चंदर

(d) दिनेश

66. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए :

1. जॉर्ज सोमवार को संगीत की कक्षाओं में उपस्थित होता है ।
2. वह बुधवार को गणित की कक्षाओं में उपस्थित होता है ।
3. उसकी साहित्य की कक्षाएँ शुक्रवार को नहीं होतीं ।
4. वह गणित की कक्षाओं के दूसरे दिन इतिहास की कक्षाओं में उपस्थित होता है ।
5. मंगलवार को, वह अपनी खेल-कूद की कक्षाओं में उपस्थित होता है ।

यदि वह एक दिन में एक ही विषय की कक्षाओं में जाता हो और रविवार को उसकी छुट्टी रहती हो, तो अन्य किस दिन को भी उसकी छुट्टी रहेगी ?

(a) सोमवार

(b) गुरुवार

(c) शनिवार

(d) शुक्रवार

67. किसी पंक्ति में 'A' बाईं ओर से 11वें स्थान पर है और 'B' दाहिनी ओर से 10वें स्थान पर है । यदि 'A' और 'B' आपस में स्थान बदल लें, तो 'A' बाईं ओर से 18वें स्थान पर हो जाता है । पंक्ति में 'A' और 'B' के अलावा कितने व्यक्ति हैं ?

(a) 27

(b) 26

(c) 25

(d) 24

68. B की स्थिति A के उत्तर में है और C की स्थिति A के पूर्व में है । दूरियाँ AB और AC क्रमशः 5 कि.मी. और 12 कि.मी. हैं । B और C स्थानों के बीच की लघुतम दूरी (कि.मी. में) क्या है ?

(a) 60

(b) 13

(c) 17

(d) 7

69. 160 कि.मी. दूरी पर स्थित A और B दो स्थानों से दो कारें एक-दूसरे की तरफ़ प्रस्थान करती हैं । दोनों कारें एक ही समय 08 : 10 पूर्वाह्न पर प्रस्थान करती हैं । यदि कारों की गति प्रति घंटे क्रमशः 50 कि.मी. और 30 कि.मी. है, तो कारें एक-दूसरे से किस समय पर मिलेंगी ?

(a) 10 : 10 पूर्वाह्न

(b) 10 : 30 पूर्वाह्न

(c) 11 : 10 पूर्वाह्न

(d) 11 : 20 पूर्वाह्न

***Directions for the following 6 (six items) :***

*The following six items are based on* ***two*** *passages in English to test the comprehension of English language and therefore* ***these items do not have Hindi version****. Read each passage and answer the items that follow.*

**Passage – 1**

In front of us was walking a bare-headed old man in tattered clothes. He was driving his beasts. They were all laden with heavy loads of clay from the hills and looked tired. The man carried a long whip which perhaps he himself had made. As he walked down the road he stopped now and then to eat the wild berries that grew on bushes along the uneven road. When he threw away the seeds, the bold birds would fly to peck at them. Sometimes a stray dog watched the procession philosophically and then began to bark. When this happened, my two little sons would stand still holding my hands firmly. A dog can sometimes be dangerous indeed.

**70.** The author's children held his hands firmly because

(a) they were scared of the barking dogs.

(b) they wanted him to pluck berries.

(c) they saw the whip in the old man's hand.

(d) the road was uneven.

**71.** The expression "a stray dog watched the procession philosophically" means that

(a) the dog was restless and ferocious.

(b) the dog stood aloof, looking at the procession with seriousness.

(c) the dog looked at the procession with big, wondering eyes.

(d) the dog stood there with his eyes closed.

**Passage – 2**

Cynthia was a shy girl. She believed that she was plain and untalented. One day her teacher ordered the entire class to show up for audition for the school play. Cynthia nearly died of fright when she was told that she would have to stand on stage in front of the entire class and deliver dialogues. The mere thought of it made her feel sick. But a remarkable transformation occurred during the audition. A thin, shy girl, her knees quaking, her stomach churning in terror, began to stun everyone with her excellent performance. Her bored classmates suddenly stopped their noisy chat to stare at her slender figure on the stage. At the end of her audition, the entire room erupted in thunderous applause.

**72.** Cynthia was afraid to stand on stage because

(a) she felt her classmates may laugh at her.

(b) her stomach was churning.

(c) she lacked self-confidence.

(d) she did not like school plays.

**73.** Cynthia's classmates were chatting because

(a) it was their turn to act next.

(b) they were bored of the performances.

(c) Cynthia did not act well.

(d) the teacher had no control over them.

*निम्नलिखित 6 (छह) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*निम्नलिखित 6 (छह) प्रश्नांश अंग्रेज़ी के दो परिच्छेदों पर आधारित हैं और अंग्रेज़ी भाषा के बोधन के परीक्षण के लिए हैं। अतः **इन प्रश्नांशों का हिन्दी पाठ नहीं दिया जा रहा है।** प्रत्येक परिच्छेद को पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए।*

**Passage – 1**

In front of us was walking a bare-headed old man in tattered clothes. He was driving his beasts. They were all laden with heavy loads of clay from the hills and looked tired. The man carried a long whip which perhaps he himself had made. As he walked down the road he stopped now and then to eat the wild berries that grew on bushes along the uneven road. When he threw away the seeds, the bold birds would fly to peck at them. Sometimes a stray dog watched the procession philosophically and then began to bark. When this happened, my two little sons would stand still holding my hands firmly. A dog can sometimes be dangerous indeed.

**70.** The author's children held his hands firmly because

(a) they were scared of the barking dogs.

(b) they wanted him to pluck berries.

(c) they saw the whip in the old man's hand.

(d) the road was uneven.

**71.** The expression "a stray dog watched the procession philosophically" means that

(a) the dog was restless and ferocious.

(b) the dog stood aloof, looking at the procession with seriousness.

(c) the dog looked at the procession with big, wondering eyes.

(d) the dog stood there with his eyes closed.

**Passage – 2**

Cynthia was a shy girl. She believed that she was plain and untalented. One day her teacher ordered the entire class to show up for audition for the school play. Cynthia nearly died of fright when she was told that she would have to stand on stage in front of the entire class and deliver dialogues. The mere thought of it made her feel sick. But a remarkable transformation occurred during the audition. A thin, shy girl, her knees quaking, her stomach churning in terror, began to stun everyone with her excellent performance. Her bored classmates suddenly stopped their noisy chat to stare at her slender figure on the stage. At the end of her audition, the entire room erupted in thunderous applause.

**72.** Cynthia was afraid to stand on stage because

(a) she felt her classmates may laugh at her.

(b) her stomach was churning.

(c) she lacked self-confidence.

(d) she did not like school plays.

**73.** Cynthia's classmates were chatting because

(a) it was their turn to act next.

(b) they were bored of the performances.

(c) Cynthia did not act well.

(d) the teacher had no control over them.

74. Cynthia's knees were quaking because

(a) she felt nervous and shy.

(b) the teacher scolded her.

(c) she was very thin and weak.

(d) she was afraid of her classmates.

75. The transformation that occurred during the audition refers to

(a) the nervousness of Cynthia.

(b) the eruption of the entire room in thunderous applause.

(c) the surprise on the faces of her classmates.

(d) the stunning performance of Cynthia.

76. If the 3rd day of a month is Monday, which one of the following will be the fifth day from 21st of this month ?

(a) Monday

(b) Tuesday

(c) Wednesday

(d) Friday

77. For a charity show, the total tickets sold were 420. Half of these tickets were sold at the rate of ₹ 5 each, one-third at the rate of ₹ 3 each and the rest for ₹ 2 each. What was the total amount received ?

(a) ₹ 900

(b) ₹ 1,540

(c) ₹ 1,610

(d) ₹ 2,000

***Directions for the following 3 (three) items :***

*Read the passage given below and answer the items that follow.*

A, B, C, D, E, F are members of a family. They are engineer, stenographer, doctor, draughtsman, lawyer and judge (not in order). A, the engineer is married to the lady stenographer. The judge is married to the lawyer. F, the draughtsman is the son of B and brother of E. C, the lawyer is the daughter-in-law of D. E is the unmarried doctor. D is the grandmother of F. There are two married couples in the family.

78. What is the profession of B ?

(a) Judge

(b) Lawyer

(c) Draughtsman

(d) Cannot be determined

79. Which of the following is/are a couple/couples ?

(a) AD only

(b) BC only

(c) Both AD and BC

(d) Both AC and BD

80. What is the profession of D ?

(a) Judge

(b) Stenographer

(c) Doctor

(d) Cannot be determined

74. Cynthia's knees were quaking because

(a) she felt nervous and shy.

(b) the teacher scolded her.

(c) she was very thin and weak.

(d) she was afraid of her classmates.

75. The transformation that occurred during the audition refers to

(a) the nervousness of Cynthia.

(b) the eruption of the entire room in thunderous applause.

(c) the surprise on the faces of her classmates.

(d) the stunning performance of Cynthia.

76. यदि किसी माह का तीसरा दिन सोमवार है, तो उसी माह की 21वीं तारीख से पाँचवाँ दिन, निम्नलिखित में से कौन-सा होगा ?

(a) सोमवार

(b) मंगलवार

(c) बुधवार

(d) शुक्रवार

77. किसी चैरिटी शो के लिए, कुल 420 टिकटें बिकीं । इन टिकटों में आधी प्रत्येक ₹ 5 की दर पर, एक-तिहाई प्रत्येक ₹ 3 की दर पर और शेष टिकटें प्रत्येक ₹ 2 की दर पर बिकीं । कुल प्राप्त धनराशि कितनी थी ?

(a) ₹ 900

(b) ₹ 1,540

(c) ₹ 1,610

(d) ₹ 2,000

*निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :*

*नीचे दिए गए परिच्छेद को पढ़िए और उसके आगे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए ।*

A, B, C, D, E, F एक परिवार के सदस्य हैं । वे इंजीनियर, आशुलिपिक, डॉक्टर, ड्राफ़्ट्समैन, विधिवक्ता और न्यायाधीश (क्रम में नहीं) हैं । इंजीनियर A, महिला आशुलिपिक से विवाहित है । न्यायाधीश, विधिवक्ता से विवाहित है । ड्राफ़्ट्समैन F, B का पुत्र एवं E का भाई है । विधिवक्ता C, D की पुत्र-वधू है । डॉक्टर E, अविवाहित है । D, F की दादी है । परिवार में दो विवाहित दम्पति हैं ।

78. B का व्यवसाय क्या है ?

(a) न्यायाधीश

(b) विधिवक्ता

(c) ड्राफ़्ट्समैन

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

79. निम्नलिखित में से कौन दम्पति है/हैं ?

(a) केवल AD

(b) केवल BC

(c) AD और BC दोनों

(d) AC और BD दोनों

80. D का व्यवसाय क्या है ?

(a) न्यायाधीश

(b) आशुलिपिक

(c) डॉक्टर

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : B-FVS-N-OCUB** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न पत्र – II

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 200*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज कोड) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **80** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है सिवाय उन प्रश्नों के जो अंग्रेज़ी भाषा बोधन के हैं और वे केवल अंग्रेज़ी में हैं । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दंड :**
    **उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**
    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक उस उत्तर के लिए, जिसके लिए दंड है, दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।
    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा, यदि उसके लिए दंड है ।
    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.